तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने काली कमाई को छुपाने केलिए दूसरे के नाम से लिया जमीन.....बाबूलाल मरांडी

मनी लांड्रिंग के तहत ईडी कर रही कारवाई

चौकीदार संतोष मुंडा ने बताया बरियातू ,रांची स्थित 8.5 एकड़ जमीन हेमंत सोरेन की

वीडीओ जारी कर बाबूलाल मरांडी ने किया खुलासा

जेएसएससी परीक्षा की सीबीआई जांच पर भी अड़े बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के  ऊपर जोरदार हमला किया।श्री मरांडी आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन अभी ईडी की कस्टडी में हैं लेकिन का चंपाई सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर भाषण करते हुए ऐसा बोल रहे थे जैसे उन्होंने कुछ गलत किया ही नहीं। चुनौती देते हुए राजनीति से सन्यास लेने तक की बात कर रहे थे।कहा कि कोई चोर चोरी पकड़े जाने पर स्वीकार नहीं करता।

उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार को  आदतन गड़बड़ करने की फितरत है। जैसा वर्तमान है उनके परिवार का अतीत भी वैसा ही है।

उन्होंने सर्व प्रथम मीडिया को बरियातू स्थित 8.5एकड़ जमीन  के चौकीदार संतोष मुंडा की ऑडियो वीडियो दिखाया जिसमे उसने उपर्युक्त जमीन का मालिक हेमंत सोरेन को बताया है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपनी काली कमाई को छुपाने केलिए जमीन में पैसे को इन्वेस्ट करने का तरीका अपनाया। बरियातू स्थित पत्थर के चारदीवारी से घिरी 8.5एकड़ जमीन को हेमंत सोरेन ने किसी और के नाम से खरीदा।

कहा कि इसी के कारण इस मामले  की जांच मनी लांड्रिंग के तहत की जा रही अन्यथा नाम से होने पर इसकी जांच आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की धाराओं के तहत होती।

उन्होंने इसे और स्पष्ट करते हुए कहा कि 7अगस्त2023 को जब ईडी ने हेमंत सोरेन को पहला समन करते हुए 14अगस्त को पूछताछ केलिए बुलाया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण वो हाजिर नहीं हुए लेकिन ईडी की कारवाई को भांप गए।
हेमंत सोरेन ने 16अगस्त 23 को राजकुमार पाहन नामक व्यक्ति ने आवेदन किया कि उपर्युक्त जमीन उनके अधीन है और दूसरे अधिकृत व्यक्ति का नाम इस जमीन से खारिज किया जाए।उसी दिन पत्र क्षेत्रीय अधिकारी के पास पहुंच जाता है 9जनवरी 24को एस ए आर अधिकारी ने सीआई से रिपोर्ट मांगी और 11जनवरी 24को सीआई की रिपोर्ट से पता चला कि संतोष पाहन वहां पांच छः साल से परिवार के साथ रह रहा है,जमीन का खतियान पाहन परिवार के नाम दर्ज है,जमीन भूइहरी है,बेची नही जा सकती है। साथ ही यह भी पता चला कि पंजी
संभवतः ईडी को हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर भी मिले हैं।

उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार के द्वारा जमीन लूट का तो यह एक नमूना है। नाम बदलकर भी शिबू सोरेन परिवार ने जमीन खरीदे हैं। हेमंत सोरेन हेमंत कुमार सोरेन बन गए,शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया।दुर्गा सोरेन को दुर्गा प्रसाद सोरेन बना दिया ।

कहा कि दुमका के खजुरिया में हेमंत सोरेन का विशाल बंगले की बाउंड्री के भीतर आधी जमीन का मालिकाना हक योगेंद्र तिवारी के नाम है।

कहा कि सोरेन परिवार की ऑन रिकॉर्ड 108संपत्ति का मामला अलग है।

कहा  कि जब   इनके भ्रष्टाचार ,लूट की परत खुल रही तो हेमंत सोरेन बौखलाहट में हैं।
कहा कि मीडिया के लोग भी इस मामले को जांच परख कर उजागर करें।इस लूट का पूरी तरह पर्दाफाश होना चाहिए।

जेएसएससी परीक्षा की सीबीआई जांच हो

श्री मरांडी ने जेएसएससी परीक्षा में हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराने को कहा।
कहा कि हम सीबीआई जांच कराकर ही दम लेंगे।यह 6लाख छात्रों के भविष्य का सवाल है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित छात्रों पर मुकद्दमा दर्ज करा रही जबकि उसे जेएसएससी के अध्यक्ष और परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसी पर मुकदमा दर्ज करना चाहिए।

प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी उपस्थित थे